# कार्यालय प्रभागीय वनाधिकारी, गढ़वाल वन प्रभाग, पौड़ी।

**Email:**-dfo_pauri_uta@yahoo.co.in , **Phone/ Fax no:**-01368-222215

पत्रॉकः— 3691 / 12-1 : दिनॉकः पौड़ी, माह, मई,..13... 2024

सेवा में,

अधिशासी अभियन्ता,
निर्माण खण्ड, लो0नि0वि0, पाबौ।

विषयः— **जनपद पौड़ी गढ़वाल में चेरीबंगला—मथिगांव मोटर मार्ग के निर्माण हेतु 2.275 है0 वन भूमि का गैर वानिकी कार्यों हेतु लो0नि0वि0 को प्रत्यावर्तन।**

सन्दर्भः— अपर प्रमुख वन संरक्षक एवं नोडल अधिकारी, वन संरक्षण, इन्दिरानगर फॉरेस्ट कालोनी, देहरादून की पत्र सं0 2715/FP/UK/ROAD/10396/2015 दिनॉक 07.05.2023

महोदय,

उपरोक्त विषयक सन्दर्भित पत्र जो कि आपको सम्बोधित तथा अन्य के साथ इस कार्यालय को पृष्ठांकित है, का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, के क्रम में अवगत कराया गया है कि उक्त प्रकरण में सैद्धान्तिक स्वीकृति निर्गत हुये 5 वर्ष से अधिक का समय व्यतीत हो चुका है। परन्तु विधिवित स्वीकृति प्राप्त नहीं है। ऐसे प्रकरणों में भारत सरकार, पर्यावरण मंत्रालय, नई दिल्ली की पत्र सं0 5-3/2011-FC(Vol-I) दिनांक 06.01.2022 के अनुसार NPV की संशोधित धनराशि जमा की जानी आवश्यक है, जिसका डिमांड नोट आपको निम्न प्रकार से प्रेषित किया जा रहा हैः—

एन0पी0वी0 की धनराशि का भारत सरकार, पर्यावरण एवं वन मंत्रालय, नई दिल्ली के आदेश संख्या—5—3 / 2011—एफ0सी0, दिनांक 06—01—2022 में उल्लिखित व्यवस्था के अनुसार आवेदित वन भूमि हेतु एन0पी0वी0 की देयता निम्नानुसार हैः—

| | | |
|---|---|---|
| ईको क्लास | — | $V^{th}$ |
| हरियाली का घनत्व | — | 0.2 |
| एन0पी0वी0 की दर प्रति है0 | — | रू0 10,05,210.00 |
| आवेदित वन भूमि का क्षेत्रफल | — | 2.275 है0 |
| एन0पी0वी0 की धनराशि | — | 2.275 X 10,05,210.00 = 22,86,852.75 |
| | | या रू0 22,86,853.00 |

(रू0 बाईस लाख छियासी हजार आठ सौ तिरेपन) मात्र

**आपको पूर्व में प्रेषित डिमांड नोट के अनुसार आपके द्वारा जमा की गई एन0पी0वी0 की धनराशि 14,94,675.00 तथा भारत सरकार के उक्त आदेश के अनुसार आपके द्वारा अवशेष धनराशि जिसे जमा किया जाना है रू0 14,94,675.00 — 22,86,853.00 = 7,92,178.00 (रू0 सात लाख बयानबे हजार एक सौ अट्ठहत्तर) मात्र की धनराशि अतिरिक्त जमा की जानी है।**

अतः आप उपरोक्तानुसार एन0पी0वी0 की नई दरों के अनुसार धनराशि कैम्पा कोष में जमा करने का कष्ट करें, ताकि प्रकरण में यथोचित कार्यवाही हेतु उच्च स्तर को लिखा जा सके।

भवदीय,

(स्वप्निल अनिरूद्ध)
प्रभागीय वनाधिकारी,
गढ़वाल वन प्रभाग, पौड़ी।

P.T.O.